## एक नजर

### धूमधाम से निकाली कलश यात्रा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंदिर संकट मोचन श्रीबालाजी महाराज समिति जयंतीपुर की ओर से कलशयात्रा का आयोजन हुआ। यह कलशयात्रा जयंतीपुर से प्रारंभ होकर डबल फाटक, भोला कॉलोनी होते हुए वापस जयंतीपुर मंदिर पर समापन हुई। इस दौरान यात्रा में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। कलशयात्रा को पुष्पवर्षा से विभिन्न स्थानों पर स्वागत हुआ। विभिन्न प्रकार की झांकियों ने लोगों को मन मोह लिया। इस दौरान भूकन सिंह, कृपाल सिंह, भागवती, प्रियंका, कलावती, पूनम सैनी, उमा देवी,अभिषेक, शरविंदर, मुकेश कुमार, रजनी सैनी आदि मौजूद रहीं।

### भजन संध्या में जमकर झूमें श्रद्धालु

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शाम को सांय काल में एक शाम भगवान महावीर के नाम भजन संध्या पंचायत भवन में हुई। भजन सम्राट मयूर जैन ने अपने म्यूजिकल ग्रुप के साथ प्रस्तुति से सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। दीप प्रज्वलन कमल कुमार जैन, अभिषेक जैन ने किया। चित्र अनावरण सम्राट जैन व गौरी जैन ने किया। आचार्य विद्यासागर महाराज का चित्र अनावरण पंकज जैन, अतिशय जैन और आचार्य विजय समुद्र सूरी का चित्र अनावरण हंसराज धर्मपाल जैन, संजीव जैन ने किया। सभी ने वात्सल्य भोज में हिस्सा लिया।

### कूड़े के ढेर में आग लगने से बिटोरे जले

**मैनाठेर, अमृत विचार :** मैनाठेर क्षेत्र के ग्राम पंचायत असालत नगर बघा के ग्राम मिलक कठेर में रविवार की दोपहर अचानक एक कूड़े के ढेर में आग लग गई। इसके बाद पास में ही वीरपाल पुत्र होरीलाल के उपले आग की चपेट में आ गए और अचानक उपलों के बिटोरे में आग लग गई। उपलों में आग लगने से आग ने विकराल रूप ले लिए। आग लगने की घटना से गांव में हड़कंप मच गया। आग लगी देख बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। ग्रामीणों द्वारा आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस को दी गई। पुलिस टीम और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पा लिया। गौरतलब है कि गर्मी बढ़ने के साथ ही क्षेत्र में आग लगने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। वहीं ग्रामीण इस आग का कारण किसी व्यक्ति द्वार बीड़ी पीना आदि मान रहे हैं।

## साहित्यिक व सांस्कृतिक समाज की ओर से विश्वविख्यात साहित्यकार माहेश्वर तिवारी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा

# पत्ता-पत्ता नम है, ये सुबूत क्या कम है, एक तुम्हारा होना, क्या से क्या कर देता है...

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** 'याद तुम्हारी जैसे कोई कंचन कलश भरे, जैसे कोई किरन अकेली पर्वत पार करे', अब तो केवल यादें ही शेष रह गई हैं विश्वविख्यात साहित्यकार दादा माहेश्वर तिवारी की। लोगों की जुबान पर बसे उनके गीत, सभी के प्रति उनकी आत्मीयता, उनकी मनमोहक छवि, उनका प्रभावशाली व्यक्तित्व और उनके चिर-परिचित ठहाके, सभी कुछ जीवित हैं, जीवंत है यत्र-तत्र-सर्वत्र। उनकी यादें तैरती रहेंगी उन्हीं के शब्दों में, '...पत्ता-पत्ता नम है, ये सुबूत क्या कम है।'

साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समाज की ओर से दादा की स्मृति में रविवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन स्वतंत्रता सेनानी भवन में किया गया। इसमें महानगर के साहित्यिक, शैक्षिक, संगीत एवं सांस्कृतिक समाज सहित हर वर्ग से जुड़ी विभूतियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए संवेदनाएं व्यक्त कीं। श्रद्धांजलि सभा में 'एक तुम्हारा होना क्या से क्या कर देता है, बेजुबान छत-दीवारों को घर कर देता है' सहित दादा तिवारी जी की कुछ लोकप्रिय रचनाओं के ऑडियो का प्रस्तुतिकरण भी किया गया।


नवगीतकार माहेश्वर तिवारी को श्रद्धांजलि देते साहित्यकार व कवि। ● अमृत विचार

दादा को याद करते हुए डॉ. विशेष गुप्ता ने कहा कि दादा न केवल एक महान साहित्यकार थे अपितु एक महान चिन्तक भी थे जिन्होंने अपनी विचारधारा से समाज को उन्नति की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। मशहूर शायर मंसूर उस्मानी ने कहा कि दादा एक बड़े गीतकार तो थे ही, बहुत बड़े इंसान भी थे। वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. केके मिश्रा ने कहा कि दादा माहेश्वर जी जीवन पर्यन्त साहित्य एवं संस्कृति की सेवा में तत्पर रहे। वरिष्ठ कवयित्री डॉ. प्रेमवती उपाध्याय ने कहा कि देश के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समाज की चर्चा जब भी होगी, वह तिवारी जी की चर्चा के बिना अधूरी ही रहेगी।

नवगीतकार योगेन्द्र वर्मा व्योम का कहना था कि दादा भौतिक रूप से भले ही हमारे बीच उपस्थित न हों परंतु अपने रचनाकर्म एवं प्रेरक जीवन शैली के माध्यम से वह हम सभी के हृदय में सदैव उपस्थित रहेंगे। धर्मगुरु एवं कथावाचक आचार्य धीरशांत दास ने कहा कि माहेश्वर तिवारी जैसा कवि युगों के बाद जन्म लेता है।

### आयोजन
- साहित्यकार एवं कवियों ने दादा के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला
- उनके अप्रकाशित साहित्य का प्रकाशन कराने का लिया निर्णय

डॉ. मनोज रस्तोगी ने कहा कि दादा की साहित्यिक यात्रा एक अद्भुत व प्रेरक दस्तावेज बनाकर हमें उनका स्मरण कराती रहेगी। वरिष्ठ लेखक एवं शिक्षाविद् डॉ. रामानंद शर्मा ने कहा कि कीर्तिशेष माहेश्वर जी का सृजन देश एवं देश से बाहर भी साहित्य साधकों के लिए अनुकरणीय रहा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन के धवल दीक्षित ने कहा कि दादा की सीधी-सरल जीवन शैली एवं कठिन साधना संपूर्ण साहित्य जगत में अपना विशिष्ट स्थान रखती है। सुप्रसिद्ध संगीतज्ञा एवं दादा की धर्मपत्नी बाल सुंदरी तिवारी ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी सकारात्मक रहना दादा की विशेषता थी। कला भारती के संस्थापक बाबा संजीव आकांक्षी ने कहा कि दादा जीवन पर्यन्त समाज के प्रत्येक वर्ग के हितार्थ अपना सृजन करते रहे। वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. प्रदीप शर्मा ने कहा कि दादा साहित्य के साथ-साथ रंगमंच में भी रुचि लेते थे। वरिष्ठ गजलकार डॉ. कृष्ण कुमार नाज ने कहा कि तिवारी जी के साथ बैठकर बतियाने का मतलब साहित्य के एक युग के साथ बतियाना था। वरिष्ठ रचनाकार अशोक विश्नोई ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य रखना दादा की विशेषता रही। दोहाकार राजीव प्रखर ने कहा कि व्यक्तित्व एवं कृतित्व दोनों ही दृष्टियों से इतनी ऊंचाई पर होते हुए भी दादा आजीवन अपनी जड़ और जमीन से जुड़े रहे। शायर जिया जमीर, कवयित्री डॉ. पूनम बंसल, गीतकार मयंक शर्मा, कवयित्री मीनाक्षी ठाकुर, कवि दुष्यंत बाबा नवोदित कवयित्री अभिव्यक्ति सिन्हा ,सुप्रसिद्ध संगीतकार आदर्श भटनागर ने भी विचार प्रकट किए। इसके अतिरिक्त धन सिंह धनेंद्र, पूजा राणा, राशिद हुसैन, सरदार गुरविंदर सिंह, राम सिंह निशंक, नेपाल सिंह, रामदत्त द्विवेदी, विजय दिव्य, डॉ. शलभ गुप्ता, मनोज व्यास, राहुल श्रीवास्तव, सरिता लाल, डॉ. आसिफ हुसैन, फरहत अली खान, श्रीकृष्ण शुक्ल, शिवम वर्मा, शुभम कश्यप आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत में कीर्तिशेष माहेश्वर तिवारी जी की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर सभा का समापन हुआ। संचालन डॉ. मनोज रस्तोगी एवं धवल दीक्षित ने संयुक्त रूप से किया।

# रामगंगा तिल-तिल कर मर रही, जिम्मेदार मौन

## विश्व पृथ्वी दिवस : कूड़े कचरे और नालों के गंदे पानी से पट रही धार्मिक आस्था समेटे सदानीरा रामगंगा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** धार्मिक मान्यता और पौराणिक इतिहास समेटे सदानीरा रामगंगा तिल-तिल कर मर रही है। जिम्मेदार चुप हैं। शहर को स्मार्ट बनाने के लिए करोड़ों का बजट खर्च किया जा रहा है। लेकिन रामगंगा की दशा सुधारने के लिए एक पैसा नहीं खर्च हो रहा। सैकड़ों नाले-नालियां सीधे रामगंगा में गंदगी छोड़ रही हैं। वर्षों से नदी किनारे ग्रीन वेल्ट विकसित नहीं की गई है। सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाएगा। इसके बाद भी रामगंगा की स्वच्छता के लिए कोई अभियान है न कोई मिशन शुरू किया गया है।

पिछले एक दशक से रामगंगा नदी के किनारे 11 से 12 किलोमीटर के बीच बसे मोहल्लों और कॉलोनियों के गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए गए नालों के सीधे रामगंगा नदी में खोल दिया है। इसके लिए नगर निगम से लेकर जिला प्रशासन तक कोई पूछने वाला नहीं है। हद तो यह कि एम डी ए की परिधि में अनाधिकृत रूप से दिन पर दिन बन रहे मकानों ने अब मोहल्ले और कॉलोनियों का रूप ले लिया है। ऐसे में मुरादाबाद नगर निगम और विकास प्राधिकरण भी गहरी चुप्पी साधे है।धीरे-धीरे रामगंगा नदी का अस्तित्व खत्म होने के कगार पर है।


नवाबपुरा मोहल्ले से निकलने वाला गंदा पानी रामगंगा नदी में हो रहा समाहित।

> दु :ख की बात यह है कि नदियों को बर्बाद करने में हमने भी कोई कसर नहीं छोडी है प्रदूषण, अंधाधुंध खनन और नदियों के बेसिन में कीटनाशकों का बेतहाशा उपयोग जैसी गतिविधियों ने नदियों के प्राकृतिक स्वरुप को नष्ट कर दिया है। नदी तटों पर उगने वाली घास पात जो कि मिटटी की बाढ़ के पानी से रक्षा करती थी भी नष्ट हो चुकी हैं। आवश्यकता इस बात की है कि हम नदियों के प्राकृतिक स्वरुप की रक्षा करें। जल का संरक्षण करना सीखें, वर्षाजल संरक्षण की तकनीकी अपनाएं।
>
> **-दिनेश चन्द्र शर्मा , जिला समन्वयक , राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस, रामपुर**



> समाज में दो हिस्से है। एक सरकारी तंत्र और दूसरा समाज। रामगंगा नदी में फैल रहे प्रदूषण का जिम्मेदार पहले समाज है। नदी में फैले प्रदूषण को साफ करने को प्रत्येक नागरिक को आगे आना होगा। नदी के साथ इस तरह का व्यवहार करने से पहले हमें सोचना चाहिए कि हम ऐसा क्यों कर रहे हैं? पहले हमें अपने स्तर पर सुधार करना होगा। समाज में सुधार आएगा तो जिम्मेदार भी आगे आएंगे।
>
> **- डॉ. हरवंस दीक्षित**

बंगला गांव मोहल्ले से लेकर दसवां घाट,नबाबपुरा, छड़ियों का मैदान, लालबाग, हाथी वाला मंदिर और जामा मस्जिद के पास बसा वारसी नगर मोहल्ले का गंदा पानी सीधा रामगंगा नदी में नगर निगम द्वारा नालों के जरिए छोड़ा जा रहा है। नबाबपुरा मोहल्ले में नदी किनारे लगी अवैध ई-कचरे की फैक्ट्रियों का गंदा पानी भी नदी में ही छोड़ा जाता है। वहीं इससे आगे छड़ियों के मैदान की बात करें तो यहां एक बड़ा तबका पीतल की सिल्ली गलाने के लिए काली मिट्टी के धुलाई का काम रामगंगा नदी में ही करता है। जिससे कई किलोमीटर तक रामगंगा नदी का पानी दूषित होकर काले रंग में प्रवाह करता है। हालांकि रामगंगा नदी पर गंगा स्नान पर पूरी आस्था के साथ स्नान करने भारी संख्या में लोग आते हैं पर नदी के दूषित पानी को देखकर बिना स्थान के चले जाते हैं। वहां नवजात शिशुओं का मुंडन संस्कार भी किया जाता है। हर वर्ष गंगा स्नान पर नगर निगम की ओर से कुछ हिस्से पर चुना डालकर खानापूर्ति की जाती है। इस संबंध में एमडीएम के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि रामगंगा नदी किनारे बने मकानों से गंदा पानी रामगंगा में जा रहा है ऐसे किसी प्रकार के निर्माण एमडीए की ओर से कोई अनुमति नहीं दी गई है। एमडीए के परिधि में कोई निर्माण ऐसे नहीं कराया जाता जिसके पानी की निकासी किसी नदी में की जाए।

### श्रीराम दरबार की झांकी ने मोहा मन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय पुजारी परिषद की ओर से संचालित हिंदू संस्कार केंद्र शिव मंदिर में रविवार को श्रीहनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हनुमान बाल रूप सज्जा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

हिंदू संस्कार केंद्र के बच्चों ने हनुमान जी के विभिन्न रूपों को धारण कर प्रस्तुति दी। हनुमान जी को एक भक्त के रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में राम दरबार की झांकी ने सबका मन मोह लिया। इस दौरान राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने कहा कि हनुमान जी हमारे आदर्श हैं हमें उनके चरित्र से सीखना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन हिंदू संस्कार केंद्र के संयोजक पुजारी महेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर राकेश अत्रि, पंडित विनोद शर्मा, राम अवतार राठौर, आर्य संदीप त्रिवेदी, धर्मवीर सैनी, हरि राठौर, मुकेश रस्तोगी, मुन्ना लाल रस्तोगी, मुकेश सैनी, पंकज राठौर, हेमराज सैनी, वंदना शर्मा, शकुंतला शर्मा, सुनीता रस्तोगी, अनिल रस्तोगी, श्याम शुक्ला आदि का सहयोग रहा।

## कुकिंग में देव, उम्मेर और प्रत्यूष को मिला छोटा शेफ का खिताब

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शहर के प्रसिद्ध मिठाई शोरूम टेंप्टेशन पर छोटा शेफ फायर लैस कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पांच से 14 वर्ष के बच्चों ने खाद्य सामग्री बनाने से लेकर सुंदर साज सज्जा की प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को पराग ह्यूमन ट्रस्ट की ओर से पुरस्कृत किया गया।

रविवार को पराग ह्यूमन फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा छोटा शेफ फायर लैस कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पांच से 14 वर्ष के 35 बच्चों ने हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों ने स्वादिष्ट स्नैक्स, मिठाई, सलाद, बेकरी के उत्पाद बनाए। साथ ही बनाए गए फलों का बुके, खाने का गार्डन आकर्षण का केंद्र रहे। निर्णायक मंडल में करण सिंह, शेफ श्याम सुंदर ने छोटा शेफ का खिताब वर्ग ए में देव अग्रवाल और वर्ग बी में मास्टर उम्मेर एवं मास्टर प्रत्यूष को दिया। वहीं पाविका गुप्ता को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। संस्था की संस्थापक गरिमा सिंह ने बताया कि हमारी संस्था द्वारा बच्चों को एक विविध गतिविधियों के लिए मंच मुहैया कराया जाता है।


कुकिंग प्रतियोगिता में बनाए गए प्रोडक्ट को देखते निर्णायक करण सिंह।

## धूमधाम से निकाली भगवान महावीर की रथयात्रा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भगवान महावीर की 2623वीं जयंती महोत्सव की उमंग रविवार को महानगर में चारों ओर दिखाई दी। 108 आचार्य नमोस्तु सागर, महाराज मुनि सौरव, मुनि विज्ञान सागर के सानिध्य में भगवान महावीर का जन्म कल्याणक बहुत ही धूमधाम से जैन समाज में मनाया गया।

भगवान महावीर की रथ यात्रा श्रीपारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर जिलाल मोहल्ले से शुरू हुई। जैन मंदिर लोहागढ़ होते हुए गंज गुरहट्टी कंपनी बाग होते हुए पंचायत भवन पर शोभायात्रा का समापन हुआ। रथ यात्रा की शोभा देखते ही बन रही थी। पुरुष और महिलाएं लाल और पीले रंग की पगड़ी पहने हुए नाचते झूमते गाते हुए चल रहे थे। रुक्मणी जैन, मुदित जैन द्वारा सभी के लिए पगड़ी पहनाई गई। सभी समस्त जैन समाज के सभी मंडलों और महिला मंडलों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। महावीर भगवान चांदी के रथ पर शोभायमान थे। जिस पर सारथी मनोज जैन, कुबेर संजीव जैन और खवासी प्रवीण कुमार जैन थे। रथ के आगे विभिन्न बैंड बाजे वाले बहुत सुंदर ड्रेस धोती दुपट्टे में थे। बहुत मनोहरी भगवान महावीर के गीतों का संयोजन गीतकार कर रहे थे। पंचायत भवन में आचार्य के प्रवचन के बाद के बाद माला की बोली हुई। जिसे संजय जैन, निशांत जैन और दूसरी माला की बोली अजय जैन संजय जैन द्वारा ली गई। आचार्य श्री ने सभी को माला पहनने वालों को मंगल आशीर्वाद दिया। संचालन दिगंबर जैन समाज के उपाध्यक्ष राजीव जैन ने किया। वात्सल्य भोज के साथ-साथ जैन मंदिर सिविल लाइंस पर निशुल्क भोजन वितरण आशु जैन, अनुज जैन द्वारा किया गया। इस दौरान जैन समाज के अध्यक्ष अनिल सेन, संदीप जैन, अरविंद जैन, सलिल जैन ने सभी का स्वागत किया। महिला उपाध्यक्ष प्रीति जैन ने महाराज श्री को विहार में सहयोग किया। इस दौरान राहुल जैन, मनीष जैन, कमल जैन, प्रमोद जैन, राजीव जैन, नीरज जैन, विकास जैन का विशेष सहयोग रहा।


शोभायात्रा में रथ को खींचते जैन समाज के लोग। ● अमृत विचार

### श्रद्धा
- जैन समाज ने धूमधाम से मनाया भगवान महावीर का जन्म कल्याणक


बालाजी सेवा समिति द्वारा आयोजित अखंड रामायण पाठ करतीं महिलाएं।

## भजन-कीर्तन से रामायण पाठ को दिया विश्राम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** श्री बालाजी सेवा समिति की ओर से कटघर बीच होली का मैदान में चार दिवसीय श्री बालाजी महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें दूसरे दिवस अखंड रामायण पाठ को विश्राम दिया गया।

जगतगुरु जगदाचार्य साध्वी राघवेंद्री महाराज के सानिध्य में आयोजन हुआ। इसमें भव्य कलश यात्रा के बाद 24 घंटे का संगीतमय श्री अखंड रामायण पाठ रखा गया। जिसको रविवार को विश्राम दिया गया। कार्यक्रम में उप महंत रवि राघव, आशीष अग्रवाल के साथ महिला मंडल अंजू राघव, रीता सिंह, गीता सिंह, गुंजन अग्रवाल, नीरू अग्रवाल, उषा राठौर, नीलम रस्तोगी, सीमा शर्मा, मीरा आदि मौजूद रहे।

**विश्व पृथ्वी दिवस** | पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए लोगों में जागरूकता जरूरी, युवा पीढ़ी को करें जागरूक

# पृथ्वी को हरा-भरा बनाएं पेड़, पानी और जंगल बचाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** विश्व पृथ्वी दिवस एक वार्षिक उत्सव है। जो प्रति वर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाता है। इसकी शुरूआत 1970 में हुई थी। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्थन दिखाना और उन मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है जो पृथ्वी को खतरे में डालते हैं। इनमें प्रदूषण, वनों की कटाई और अवैध खनन शामिल हैं। यह पर्यावरण आंदोलन की उपलब्धियों का सम्मान करता है। भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ता है। महानगर के विशेषज्ञों ने पृथ्वी दिवस के बारे में कहा कि पृथ्वी को हरा-भरा बनाएं रखने के लिए पेड़, पानी और जंगल बचाए जाने चाहिए।



> प्रतिवर्ष विश्व में इस दिवस को मनाने से स्पष्ट है कि पृथ्वी कितनी उपयोगी है। पूरे सौर मंडल में मात्र यही एक ग्रह है जिस पर जीवन संभव है। इसलिए हमें पृथ्वी की रक्षा अपना मौलिक कर्तव्य समझते हुए जल संरक्षण, उर्वरक व केमिकलों के कम प्रयोग से वायु को दूषित होने से रोकने के लिए पर्यावरण के प्रहरी के रूप में काम करे। **- डॉ. हरनन्दन प्रसाद, राज्य पुरस्कृत शिक्षक**



> पृथ्वी के पर्यावरण को बचाने के लिए हम ज्यादा कुछ नहीं कर सकते है। तो कम से कम इतना तो करें कि पॉलीथिन के उपयोग को नकारें, कागज का इस्तेमाल कम करें और रिसाइकल प्रक्रिया को बढ़ावा दें। क्योंकि जितनी ज्यादा खराब सामग्री रिसाइकल होगी, उतना ही पृथ्वी का कचरा कम होगा। **-कुशल शर्मा, महानगर प्रमुख, विहिप**



> हम सबको पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए आहुति देनी चाहिए। पृथ्वी को सुरक्षित तभी किया जा सकता है जब इसको प्रदूषण से मुक्त रखा जाए और पर्यावरण को स्वच्छ रखें। इसके लिए हम सब को पालीथिन का प्रयोग कम से कम करना चाहिए, अपने बच्चों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। **-प्रोफेसर ममता सिंह, केजीके कॉलेज**



> जनसंख्या में वृद्धि और ग्लोबल वार्मिंग के कारण जलवायु में बदलाव और समुद्र के स्तर में वृद्धि के कारण प्राकृतिक आपदाएं मानवता के लिए खतरनाक होती जा रही हैं। पृथ्वी को प्राकृतिक आपदाओं से बचाने के लिए एक बेहतर स्थान प्रदान करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। **- दीपक रस्तौगी, प्रवक्ता आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज**



> भारत के प्राचीनतम विचार में पृथ्वी को देखने की दृष्टि ही हमारे पृथ्वी के साथ रिश्तों को इंगित करती है। अथर्ववेद में कहा गया है कि माता भूमि, पुत्रो अहं पृथिव्या। अर्थात भूमि मेरी माता है और मैं उसका पुत्र हूं। **-जोगेन्द्र पाल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष , राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश**



> विश्व पृथ्वी दिवस हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। क्योंकि यह हमें हमारे अस्तित्व से जोड़ता है एवं हमारी जिम्मेदारी पृथ्वी के प्रति, पृथ्वी संरक्षण के प्रति एवं प्राकृतिक संरक्षण के प्रति तय करता है। हम सभी को हमारे कर्तव्यों के बारे में अवगत कराने का दिन ही। **-कपिल कुमार, अध्यक्ष, परिवर्तन दी चेंज**



> पृथ्वी को जननी कहते हैं। पृथ्वी जानवरों से लेकर इंसानों तक को जीवन देती है। जिंदा रहने के लिए श्वास, जल और भोजन देती है। हालांकि इंसान पृथ्वी से प्राप्त तत्वों का भरपूर दोहन कर रहे हैं और उसे नुकसान पहुंचा रहे हैं। पृथ्वी और इसका वातावरण दूषित हो रहा है। **- योगाचार्य महेंद्र सिंह बिश्नोई**

# मिनी आईपीएल: हापुड़ हरिकेंस ने एमपीएस को 7 विकेट से हराया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** एमपीएस में खेली जा रही मिनी आईपीएल लीग में रविवार को हापुड़ हरिकेंस ने एकतरफा जीत दर्ज की। टीम ने एमपीएस टाइट्स को 7 विकेट से हरा दिया। टीम के लिए लव चौधरी ने 3 विकेट लिए, जबकि अंकित सहवाग ने 50 रनों की नाबाद पारी खेली।

एमपीएस टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.2 ओवर में 87 रनों पर अपने सभी विकेट गवां दिए। टीम के लिए युवराज ने 22 और यश चौहान ने 11 रन बनाए। इसके अलावा कोई बल्लेबाज ज्यादा देर विकेट पर नहीं टिक सका। वहीं हापुड हरिकेंस के लिए लव चौधरी 3 और कार्तिक ने 3 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी हापुड़ टीम ने सलामी बल्लेबाज अंकित सहबाग के नाबाद 50 रनों के दम पर 14.3 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। एमपीएस के लिए सात्विक ने 1 विकेट लिया। लव चौधरी को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। जबकि गैम चैंजर अंकित सहबाग रहे। इस दौरान मिर्जा दानिश आलम, नाबाज निक्की, चमन, शशांक सैनी आदि मौजूद रहे।



मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार प्राप्त करते हापुड़ टीम के खिलाड़ी लव चौधरी।

- लव चौधरी ने झटके 3 विकेट अंकित सहवाग ने खेली 50 रनों की नाबाद पारी

## एक नजर

### पूर्व सांसद के निधन पर शोक व्यक्त किया

**मैनाठेर, अमृत विचार :** पूर्व सांसद ठाकुर सर्वेश सिंह की इलाज के दौरान मृत्यु की खबर से क्षेत्र के लोगों में शोक है। रविवार को पूर्व सांसद के निधन पर नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि मंगल सेन सैनी ने शोक व्यक्त करते हुए मौन धारण कर श्रद्धाजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद ठाकुर सर्वेश सिंह के निधन से राजनीति को अपूरणीय क्षति हुई है। सांसद होने के साथ-साथ वे व्यवहार के धनी व्यक्ति थे और उनका जीवन सभी लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### भाकियू ने पूर्व सांसद को बताया किसान हितैषी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने भाजपा के पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह के आवास पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि वह हमेशा किसानों के हितैषी रहे। उन्होंने रतुपुरा रोड स्थित भूमि में मंडी समिति खुलवाई ताकि क्षेत्र के किसानों को अपनी फसलों को दूसरे स्थान पर बेचना न जाना पड़े। इसी तरह से उन्होंने अपने अथक प्रयासों से क्षेत्र के गन्ना किसानों की समस्या को देखते हुए अपने ही क्षेत्र में रानी नांगल स्थित त्रिवेणी चीनी मिल स्थापित कराई जिससे किसानों को गन्ने का वाजिब मूल्य मिल सके। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष अयूब चौधरी, हरिराज सिंह, राजवीर यादव, मास्टर हरकेश सिंह आदि शामिल रहे।

### वाहन से 80,000 रुपये चोरी, आरोपी पकड़ा

**भगतपुर, अमृत विचार :** भगतपुर थाना क्षेत्र के डूंगरपुर चौराहे पर गैस सिलेंडर की डिलीवरी कर रहे वाहन से एक युवक ने 80 हजार रुपये चोरी कर लिए। गैस सिलेंडर डिलीवर करने वाले मुकेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी विजेंद्र कुमार निवासी धक्का नगलिया थाना टांडा जनपद रामपुर को गिरफ्तार कर नगदी बरामद कर ली है। ग्राम भदगवां निवासी मुकेश कुमार के अनुसार वह शनिवार को डूंगरपुर चौराहे पर गैस सिलेंडर डिलीवर करने आया था। बताया कि वह अपने वाहन को खड़ा कर गैस सिलेंडर उतार रहा था तभी एक युवक ने उनके वाहन में रखे अस्सी हजार रुपये चोरी कर लिए। मुकेश ने थाना भगतपुर में तहरीर दी। इस संबंध में थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि आरोपी विजेंद्र कुमार निवासी ढक्का नगलिया को गिरफ्तार कर लिया गया है व आरोपी के पास से नगदी बरामद कर ली गई है।

# पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

## भाजपा कार्यालय पर रखा दो मिनट का मौन, दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** नगर में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता सहित कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह को श्रद्धांजलि दी।

रविवार को एक बैंक्वेट हॉल में भाजपा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मुरादाबाद लोकसभा के पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश कुमार सिंह के निधन पर दो मिनट का मौन रखा और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, नगर महामंत्री मनोज ठाकुर, संभल लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, सुबोध गुप्ता, नवनीत यादव, इमरान पाशा, अंशु यादव, उमेश यादव, विश्वास यादव, मंडल अध्यक्ष देवदत्त दिवाकर, अवनीश चौधरी, हरिओम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**दूसरे दिन भी गम का माहौल, बंद रहा बाजार :** पूर्व सांसद व मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में दूसरे दिन भी गम का माहौल रहा। कस्बा डिलारी, नगर पंचायत ढकिया, आलमपुर चौहान, मलकपुर आलियाबाद करणपुर नाखून का जटपुरा आदि में व्यापारियों ने शोक संवेदना जताते हुए दुकानें बंद रखीं। क्षेत्रवासियों ने अपने लोकप्रिय नेता के निधन पर गहरा दुख व्यक्त कर उनकी आत्मा की शांति की कामना की। इस मौके पर डॉ. अनुपम शर्मा, मगन सिंह, राजेश कुमार, हरपाल सिंह, रमेश कुमार, नीरज, नरेश कुमार शर्मा, वेद प्रकाश सैनी, इस्लाम अली, उस्मान अली आदि ने व्यापारियों ने शोकसभा कर दुकाने बंद रखीं।



बिलारी स्थित भाजपा कार्यालय पर पूर्व सांसद को श्रद्धांजलि देते कार्यकर्ता।



कांठ में शोकसभा में कुंवर सर्वेश सिंह को श्रद्धांजलि देते लोग। ● अमृत विचार

### पूर्व सांसद के निधन पर शोक जताया



**बिलारी, अमृत विचार :** नगर में जाट महासभा ने बैठक का आयोजन किया। जिसमें पूर्व सांसद व मुरादाबाद लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। बैठक की अध्यक्षता जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने की। उन्होंने पूर्व सांसद के निधन पर शोक व्यक्त किया।

### लोकसभा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह को दी श्रद्धांजलि

**कांठ, अमृत विचार :** भाजपा के पूर्व सांसद एवं मुरादाबाद लोकसभा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश कुमार सिंह के निधन पर कांठ में सामाजिक संगठनों के लोगों ने पुराने रोडवेज बस स्टैंड पर शोकसभा का आयोजन कर दो मिनट का मौन धारण कर शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के उपाध्यक्ष धर्मपाल सिंह विश्नोई ने कहा कि पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश कुमार सिंह के निधन से कांठ क्षेत्र को बड़ी क्षति हुई है। वह हर समय कांठ के लोगों के दुख सुख में शामिल रहते थे। सभी धर्म व वर्गों के लोग उनका सम्मान करते थे। इस अवसर पर अनिल चौहान ने कहा कि पूर्व सांसद कुमार सर्वेश कुमार सिंह का निधन हमारे लिए बहुत बड़ी क्षति है। उन्होंने लोकसभा सांसद रहते हुए कांठ में सभी लोगों का दिल जीत कर दुख सुख में साथ दिया। उन्होंने कहा कि वह जमीन से जुड़े हुए नेता थे। शोक सभा में सुरेश चौहान, सुशील मणि गुप्ता, भूपेंद्र चौहान, रितेश शर्मा, नीरज बिश्नोई, धर्मपाल सिंह बिश्नोई, अनिल चौहान, वीरेंद्र यादव, पीयूष शर्मा, हरि सिंह, रामनरेश चौहान, हरपाल सिंह, रोविन शर्मा, नीरज विश्नोई, सुशील मणि गुप्ता, भुपेंद्र उर्फ टिल्लू चौहान, हरपाल सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# रेगुलेटर लीक होने से लगी आग, युवती समेत दो झुलसे

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** रसोई में खाना बनाते समय रेगुलेटर लीक होने से आग लग गई। इसकी चपेट में आकर युवती समेत दो लोग झुलस गए। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना से गांव में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

घटना मिलक थाना क्षेत्र के गांव खाता चिंतामन की है। गांव निवासी दयानंद कश्यप के पुत्र अजय की 18 अप्रैल को शादी हुई थी। रविवार को दुल्हन के परिवार वाले उसे बुलाने आने वाले थे। इसके चलते दुल्हन के साथ भेजने के लिए पकवान बनाए जा रहे थे। इस दौरान रविवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे गैस सिलेंडर का रेगुलेटर लीक हो गया और सिलेंडर ने आग पकड़ ली।

सिलेंडर में लगी आग का विकराल रूप देख पकवान बना रही महिलाओं में चीख-पुकार मच गई। पकवान बना रही प्रियंका व कृपा देवी को आग की चपेट में आता देख केसरी रसोई में घुस गया। उसने कृपा देवी व प्रियंका को रसोई से बाहर निकाला। इस दौरान प्रियंका और केसरी झुलस गए। काफी देर तक घर में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। लोगों ने आग बुझाने की काफी कोशिश की लेकिन काबू नहीं पाया जा सका। इस दौरान आग की लपटों ने पास के दो कमरों को भी जद में ले लिया।

कमरे में दीवार पर लगी एलसीडी, पर्दे, बिस्तर व कपड़े जलकर राख हो गए। ग्रामीणों ने बालू डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया। बेहोश प्रियंका व झुलसे केसरी को परिजन रठौंडा स्थित निजी अस्पताल ले गए। जहां प्रियंका की हालत गम्भीर बताई जा रही है। सूचना पर लेखपाल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटना की रिपोर्ट तहसील के अधिकारियों को सौंप दी गई है।

### रसोई में थे चार सिलेंडर

शादी समारोह में भोजन व पकवान बनाने के लिए कई गैस सिलेंडरों की व्यवस्था की गई थी। जिस सिलेंडर से पकवान बनाए जा रहे थे, वह पूरा भरा हुआ था। जबकि तीन अन्य सिलेंडर आधे भरे हुए थे। सिलेंडर में आग लगती देख सभी के हाथ-पांव फूल गए। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद अन्य तीन सिलेंडरों को घर से बाहर निकाल दिया।

## कांठ आर्य समाज के वार्षिक चुनाव स्थगित

**कांठ, अमृत विचार :** रविवार को प्रातः आर्य समाज में साप्ताहिक हवन का आयोजन किया गया। इसके पश्चात एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें आर्य उप प्रतिनिधि सभा मुरादाबाद द्वारा कांठ आर्य समाज के प्रधान सुशील मणि गुप्ता को पत्र प्रेषित कर 28 अप्रैल को वार्षिक चुनाव होने की प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया है। आर्य उप प्रतिनिधि सभा मुरादाबाद के प्रधान अजब सिंह आर्य ने पत्र के माध्यम से बताया कि कांठ आर्य समाज में 2 वर्षों से चुनाव प्रक्रिया को लेकर काफी खींचातानी चल रही थी। उन्होंने चुनाव से संबंधित सभी कार्यक्रम निरस्त कर दिए हैं। इस मौके पर आर्य समाज के अध्यक्ष सुशील मणि गुप्ता, सत्यपाल सिंह दीवान जी, अशोक कुमार आर्य नेताजी, नेपाल आर्य, विक्रम सिंह, रितेश कुमार शर्मा, अशोक कुमार, मास्टर राम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जली फसल का मुआवजा दिलाए प्रशासन : अजय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**मांग**

- गेहूं की फसल जलने से किसानों को हुआ भारी नुकसान
- किसान नेता ने प्रशासन से की मुआवजा देने की मांग

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार के नेतृत्व में रविवार को एक प्रतिनिधिमंडल ग्राम कमुआ नगला पहुंचा। उन्होंने गेहूं की जल हुई फसलों को देखा। किसान नेता ने प्रशासन से किसानों की जली फसलों का मुआवजा दिलाने की मांग की है।

खेत पर पहुंचे किसान नेता ने बताया कि कमुआ नगला में किसानों की लगभग 25 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है। इससे पहले भी जिले में कई किसानों की फसल जल चुकी है। किसानों को गेंहू की पकी फसल में आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। प्रशासन जली हुई फसल का सर्वे करके किसानों को 50 हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिलाए। संगठन किसानों सुख-दुख में उनके साथ खड़ा है।

इस मौके पर लखविंदर गंगवार, नरेश गंगवार, उभन राम गंगवार, अमित गंगवार, बेनाम गंगवार, ओम प्रकाश गंगवार, विनोद गंगवार, राम दयाल गंगवार, आशिक, धर्मवीर, विजय गंगवार, घनश्याम गंगवार, विशाल गंगवार, अबरार अंसारी, अर्चित गंगवार आदि किसान मौजूद रहे।

## घायल बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर लगने के मामले में घायल बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

थाना कांठ क्षेत्र के ग्राम खूंट खेड़ा निवासी ओमवीर सिंह (35) पुत्र बीरबल सिंह बाइक से कांठ की ओर से अपने घर को जा रहा था। रास्ते में एक होटल के पास सामने से आ रहे अज्ञात ट्रैक्टर से शनिवार की शाम को टक्कर लग गई थी। जिससे ओमवीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था। स्वजनों तथा पुलिस ने उसे उपचार के लिए मुरादाबाद के एक अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। रविवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के चार बच्चे हैं। मृतक नगर के चौधरी साइकिल स्टोर पर कार्य करता है।

# डंपर ने बाइक सवारों को रौंदा, तीन घायल

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवारों को तेज रफ्तार डंपर चालक ने रौंद दिया। जिसमें तीन बाइक सवार घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने एक की हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद चालक डंपर को छोड़ फरार हो गया। इस दौरान लंबा जाम लग गया।

कोतवाली क्षेत्र के दुल्हापुर पट्टी जाट निवासी सौरभ कुमार पुत्र राजपाल सिंह अपने साथी राजकुमार पुत्र धर्म पाल सिंह व मुनेश कुमार पुत्र महेंद्र सिंह थाना डिलारी के गांव जलालपुर में बाइक से शादी समारोह में सम्मिलित होने गए थे। शाम 6: 15 बजे वापस लौटते समय ठाकुरद्वारा शरीफ नगर मार्ग पर बाबू रामपाल द्वार के निकट तेज रफ्तार डंपर चालक ने ई-रिक्शा को बचाने के चक्कर में मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे बाइक बुरी तरह शतिग्रस्त हो गई और तीनों युवक घायल हो गए। मौके पर एकत्र लोगों ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने मुनेश की हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। बाकी अन्य दो का उपचार किया जा रहा है। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंचे। घटना के बाद रामपाल द्वार पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाकर क्षतिग्रस्त बाइक व डंपर को कब्जे में लिया।



डंपर के नीचे फंसी बाइक व मौके पर मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

**हादसा**

- दुर्घटना के बाद पर डंपर छोड़ कर चालक हुआ फरार

# छह वर्षों में ही क्षतिग्रस्त हुआ श्मशान घाट, ग्रामीणों में रोष

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** शासन द्वारा कांठ तहसील क्षेत्र में ग्रामीण स्तर पर बनवाये गए श्मशान घाट क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

कांठ तहसील क्षेत्र के ग्राम मल्हपुर नजराना के तत्कालीन जिला पंचायत सदस्य द्वारा श्मशान घाट कडूला नदी के किनारे पर लगभग 6 वर्ष पूर्व बनाया गया था, जो वर्तमान में क्षतिग्रस्त हो गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कम से कम इस स्थान को बनाने में पारदर्शिता रखनी चाहिए थी। ग्राम मल्हपुर के मास्टर महावीर सिंह ने बताया कि गांव में आसपास के क्षेत्र के नागरिक इस श्मशान घाट में पार्थिव शरीर की मुक्ति करने से भी डर रहे हैं, कहीं ऐसा न हो कि मुक्ति करने आए व्यक्ति इस श्मशान घाट में किसी घटना के शिकार न हो जाए। ग्राम वासियों ने इस श्मशान घाट को पुनः पारदर्शिता के साथ बनवाने की मांग की है। गौरतलब है कि गाजियाबाद में करीब 3 वर्ष पूर्व अंतिम संस्कार में शामिल होने गए लोगों पर श्मशान घाट की छत गिरने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। मांग करने वालों में यशवीर सिंह, मास्टर महावीर सिंह, वीरेंद्र सिंह,चेतराम, नेपाल सिंह, रणवीर सिंह ,अतुल कुमार, महेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।



क्षतिग्रस्त श्मशान घाट। ● अमृत विचार

## बाइक सवार मां-बेटे को वाहन ने मारी टक्कर

**कुंदरकी, अमृत विचार :** रविवार की शाम मुरादाबाद-चंदौसी नेशनल हाईवे स्थित कुंदरकी जीरो प्वाइंट पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार मां-बेटे को रौंद दिया जिसमें दोनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से महिला की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार अदनान पुत्र इरफान निवासी ग्राम सैफपुर चित्तू थाना कुंदरकी अपनी मां मुजरेमीन के साथ एक समारोह में ईसापुर मुड़िया गया हुआ था। शाम को वह बाइक से घर को लौट रहा था। बताया गया कि जैसे ही वह लोग कुंदरकी स्थित जीरो प्वाइंट पर पहुंचे तो किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिसमें वह दोनों बाइक से नीचे गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# सैकड़ों युवाओं ने ली रालोद की सदस्यता

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** युवा राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय अध्यक्ष रुहेलखंड क्षेत्र अजीत सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में ग्राम अलीपुरा कुई में युवा रालोद का सदस्यता अभियान कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं ने किसानों के मसीहा भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की विचारधारा से प्रभावित होकर व रालोद सुप्रीमो चौधरी जयंत सिंह द्वारा युवाओं के हितों की रक्षा करने हेतु किए गए कार्यों से प्रभावित होकर रालोद की सदस्यता ग्रहण की।

इस दौरान एड. अजीत सिंह ने कहा कि जयंत चौधरी ने युवाओं के हित में अनेक फैसले लिए। जैसे युवाओं की भागीदारी राजनीति में संभव हो, इसके लिए चौधरी साहब द्वारा प्राइवेट बिल लेकर आना जिसमें उम्र सीमा 21 वर्ष करने का प्रस्ताव हो या उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में आयु सीमा में छूट आदि को लेकर युवाओं के हितों की लड़ाई में भाग लेना आदि शामिल हैं। सभी युवाओं ने युवा राष्ट्रीय लोकदल को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भास्कर देवल, निशांत, अनस खान, विवेक सिंह, गर्वित भारद्वाज, विकास प्रजापति, कनिष्क चाहल, कुणाल, अमन सिरोही, गौरव, प्रियांशु, अभय यादव, अभिषेक, आदिल, गोलू एवं शोएब खान सहित युवाओं ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की। क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत सिंह ने सभी के गले में पटका डालकर सदस्यता दिलाई।



रालोद की सदस्यता ग्रहण करने के बाद हर्ष प्रकट करते युवा। ● अमृत विचार

**कार्यक्रम**

- युवा राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में चलाया अभियान

# भाजपा व सपा समर्थक बूथों के आधार पर लगा रहे आंकड़े

संवाददाता, कांठ

**लोकसभा चुनाव**

- ईवीएम में बंद हुआ प्रत्याशियों का भाग्य
- अपने प्रत्याशियों के लिए जीत का आकलन कर रहे समर्थक

**अमृत विचार :** भाजपा प्रत्याशी एवं सपा प्रत्याशी के समर्थक अपने-अपने कार्यालय पर बूथों के आधार पर आंकड़े लगाने में व्यस्त हैं। यदि मुस्लिम मतों का बिखराव हुआ तो इसका लाभ भाजपा प्रत्याशी को मिल सकता है।

वहीं भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश के निधन के बाद भाजपा खेमे में शोक की लहर दौड़ गई है। भाजपा प्रत्याशी की बीमारी के उपरांत उनके पुत्र बढ़ापुर विधायक कुंवर सुशांत कमान संभाले हुए थे। उनके समर्थकों ने काफी परिश्रम कर चुनाव लड़ाया था। दुख की इस घड़ी के बाद भी उनके समर्थक बूथों के आधार पर गणित लगा रहे हैं। वहीं मुस्लिम मतों का बिखराव हुआ तो इसका लाभ भाजपा प्रत्याशी को मिल सकता है। बसपा खेमे में कोई खास चहल-पहल नहीं दिखाई दी। सपा प्रत्याशी रुचि वीरा भी काफी मजबूती के साथ चुनाव लड़ी। दलित व मुस्लिम वोट का बिखराब होना यहां चर्चा का विषय बना हुआ है।

सपा प्रत्याशी एवं भाजपा प्रत्याशी की कितनी पकड़ बनी है, यह मत किसके पक्ष में अधिक गया है यह तो मतों की गिनती के उपरांत ही पता लगेगा। लेकिन दोनों प्रत्याशियों में कांटे की टक्कर देखने को मिली है। दोनों ही प्रत्याशियों के समर्थक अपने प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित मानकर चल रहे हैं।

**आयोजन** श्री रथ का जगह-जगह पुष्प वर्षा से किया गया स्वागत, जैन मंदिरों में विधि-विधान से की गई पूजा-अर्चना

# जैन समाज ने नगर में धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार को भगवान महावीर जयंती धूमधाम से मनाई गई। जैन समाज के तत्वावधान में फूटा महल स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से सुबह 10 बजे शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सिविल लाइंस स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पर दोपहर 12 बजे संपन्न हुई। मार्ग में पुष्प वर्षा कर लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में इंद्राणी नेहा जैन मंगल कलश लेकर चलीं।

भगवान महावीर जयंती पर जैन मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया। मोहल्ला फूटा महल स्थित पार्श्वनाथ मंदिर से सुबह शोभायात्रा शुरू हुई। इसमें जैन धर्म के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया गया। इससे पूर्व जैन मंदिरों में सुबह पांच बजे प्रभात फेरी निकाली गईं। इसमें काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। शाम को पालने का कार्यक्रम हुआ। इसमें भगवान को पालना झुलाकर जन्मदिन मनाया गया। रविवार को जैन मंदिरों में महावीर जयंती पर सुबह से ही भीड़ लगना शुरू हो गई। जैन समाज के लोगों ने सुबह मंदिरों में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। इसके बाद फूटा महल स्थित पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली गई। चिलचिलाती धूप में श्रीजी के रथ को नंगे पैर शोभायात्रा में शामिल बच्चे खींच रहे थे। श्रीजी के रथ के आगे मंगल कलश लेकर नेहा जैन इन्द्राणी के रूप में चल रहीं थीं। इनके साथ डा. शीनू जैन, विनीता जैन, दिशा जैन, प्रिया जैन, सपना जैन, शशि जैन, सरिता जैन, आकांक्षा जैन भी शामिल थीं।

शोभायात्रा में जैन समाज के बैनर के पीछे धार्मिक धुन बजाते हुए बैंड चल रहा था। इनके पीछे जैन इंटर कालेज के बच्चे भी संगीत की धुन बजाते चल रहे थे। शोभायात्रा में जैन धर्म के संदेश लिखी तख्तियां भी थीं, जो सभी को अहिंसा के पथ पर चलने को प्रेरित कर रही थीं। श्री जी के रथ के सारथी सुनील कुमार जैन बने। खवासी पुलकित जैन रहे। जबकि, कुबैर भारत भूषण जैन और प्रथम इंद्र आशीष जैन, द्वितीय इंद्र विशाल जैन, तृतीय इंद्र अविरल जैन, चतुर्थ इंद्र समीर रहे। जैन समाज के लोगों ने श्री जी के रथ को नंगे पैर खींचा। शोभायात्रा जिधर से होकर गुजरती लोग पुष्प वर्षा से स्वागत करते रहे। इस दौरान मार्ग में जगह जगह शिविर लगाकर शोभायात्रा में शामिल लोगों को जलपान कराया गया। शोभायात्रा फूटा महल स्थित पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से कोतवाली, शाहबाद गेट होते हुए शिवि टॉकिज के पास आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।



शोभायात्रा में मंगल कलश लेकर चलतीं इंद्राणी। ● अमृत विचार

**उत्साह**

- चिलचिलाती धूप में नंगे पैर बच्चे खींच रहे थे श्रीजी का रथ
- धर्मप्रेमियों ने शिविर लगाकर लोगों को कराया जलपान

# शरारती तत्वों ने की मूर्ति खंडित, रोष

संवाददाता, मैनाठेर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के हुसैनपुर पचतौर में असमाजिक तत्वों ने प्राचीन शिव मंदिर में भगवान शिव और भगवान शेरा वाली की मूर्ति खंडित कर दी। मूर्ति खंडित होने जानकारी पर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। सूचना पर आलाधिकारियों के साथ मैनाठेर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने विरोध कर रहे ग्रामीणों को आरोपियों पर कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया। वहीं पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया है। घटना की सूचना पाकर चेयरमैन प्रतिनिधि मंगल सेन सैनी ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया व जल्द ही नई मूर्तियां स्थापित कराने का भी आश्वासन दिया।

रविवार की सुबह थाना क्षेत्र के हुसैनपुर पचतौर में कुछ शरारती तत्वों ने गांव के प्राचीन शिव मन्दिर में रखी भगवान शिव व शेरा वाली की मूर्तियों को खंडित कर दिया। मूर्तिया खंडित से होने से गांव में हड़कंप मच गया और ग्रामीण में आक्रोश व्याप्त हो गया। ग्रामीण आरोपियों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना पर मैनाठेर पुलिस एवं सीओ बिलारी राजेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। सीओ बिलारी ने घटनास्थल का मुआयना किया और ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन देकर समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने मंदिर के पुजारी भगतदास की तहरीर पर भूपाल पुत्र रघुवीर, गजेंद्र पुत्र छत्रपाल निवासी हुसैनपुर पचतौर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। सीओ बिलारी राजेश कुमार का कहना है कि इस मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।



हुसैनपुर पचतौर में आक्रोशित ग्रामीणों को समझाते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

**वारदात**

- ग्रामीणों में आक्रोश, पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया

## एक नजर

### रब्बानी अंसारी बने प्रदेश महासचिव

**नहटौर, अमृत विचार :** मोहल्ला मीरा की सराय निवासी मौहम्मद रब्बानी अंसारी पुत्र आफाक अंसारी को बुनकर मजदूर विकास समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष शहाबुद्दीन अंसारी ने उत्तर प्रदेश का प्रदेश महासचिव मनोनित किया है। प्रदेश महासचिव मनोनित होने पर रब्बानी अंसारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। प्रदेश महासचिव मनोनीत होने पर उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

### ई-रिक्शा चालक की हत्या में पुलिस कर रही पूछताछ

**नहटौर, अमृत विचार :** तीन दिन पहले ई-रिक्शा चालक की हत्या के मामले में पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। ज्ञात हो कि नहटौर के मोहल्ला छापेग्रान निवासी राजेश सैनी का शव नहटौर नगीना मार्ग पर गांव डूंडाखेड़ी के पास खेत में मिला था। उसकी गला घोटकर हत्या करने की आशंका व्यक्त की गई थी। मामले में पुलिस ने ई रिक्शा चालक को फोन करने वाले एक अन्य ई रिक्शा चालक को थाने बुलाया और उससे पूछताछ की है। बताया जाता है कि उसके फोन से भी किसी अन्य ई रिक्शा चालक ने फोन किया था। पुलिस उसकी भी तलाश में जुटी हुई है।

# विधि विधान से हुई मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा

## आयोजन के बाद हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद

संवाददाता, नगीना

**अमृत विचार :** मंत्रोच्चार के साथ पंचमुखी हनुमान, शेरावाली माता, लक्ष्मी नारायण और गणपति बप्पा की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस मौके पर भंडारे भी किया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम तीन दिनों तक चला।

पंजाबी महावीर मंदिर कमेटी के तहत मोहल्ला सैयदबाड़ा स्थित माता के मंदिर में हरिद्वार से आए पंडित मनीराम त्रिपाठी सहयोगियों के साथ महावीर मंदिर में लक्ष्मी नारायण, शेरावाली माता, पंचमुखी हनुमान और गणेश जी की संगमरमर की मूर्तियों की विधि विधान और मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा कराई। कार्यक्रम में यजमान के रूप में राजकुमार सेठी, लता सेठी, धीरज कलरा, बबीता कलरा, महेंद्र बांगा, मान्या बांगा, मनोज बांगा, पूजा बांगा, पवन खन्ना, चारु खन्ना आदि रहे। तीन दिन चले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में रविवार के दोपहर भंडारे किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में रजनी सचदेवा, रितिका सचदेव, कंचन मुटरेजा रितिका सचदेव, कंचन मटरेजा, सुमन टंडन, लवली कुमार, सतीश कुमार ने सहयोग किया।


मंदिर में स्थापित देव मूर्तियां। ● अमृत विचार


नगीना में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। ● अमृत विचार

### हनुमान जन्मोत्सव पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**नगीना, अमृत विचार :** हनुमान जन्मोत्सव 23 अप्रैल को नगर में तीन स्थानों पर मनाया जाएगा। श्रीराम सेवा समिति द्वारा बालाजी जागरण व श्री बालाजी सेवा समिति द्वारा सुंदर काण्ड का पाठ व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रीबाला जी सेवा मंडल के तहत झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी एवं भंडारा होगा। श्रीबाला जी सेवा मंडल प्रमुख गुरु सचिन अग्रवाल ने बताया कि 23 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रम में 23 अप्रैल सुबह आठ बजे संकट मोचन हवन, नौ बजे सुंदरकांड, पूर्वान्ह 11 बजे विशेष आरती, दोपहर 12 भंडारा तथा शाम पांच बजे से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। श्रीबाला जी सेवा समिति के सेवादार ने बताया कि श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर सिंचाई विभाग स्टेशन रोड से 23 अप्रैल को सुबह नौ बजे सुंदर का पाठ, दोपहर 12 बजे आरती व भंडारा होगा। श्रीराम सेवा समिति द्वारा 23 अप्रैल को गांधी पार्क के निकट स्टेशन रोड पीआर श्रीबाला जी जागरण होगा। मंगलवार से शाम सात बजे संकट मोचन यज्ञ कर रात्रि नौ बजे से जागरण प्रारंभ किया जाएगा। बुधवार सुबह आरती व प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## बिजनौर में भाजपा को मिली सपा से टक्कर

**बिजनौर, अमृत विचार :** पिछले लोकसभा चुनाव की अपेक्षा इस चुनाव में हुए कम मतदान में विपक्षी अपनी जीत की संभावनाएं तलाश रहे हैं। वहीं सत्तारूढ़ भाजपा अपनी जीत निश्चित मानकर चल रही है। बिजनौर लोकसभा सीट के लिए इस बार 58.21 प्रतिशत मतदान हुआ है, जबकि 2019 में 63.95 मतदान हुआ था। नगीना सीट पर 59.54 प्रतिशत मतदान हुआ है जबकि 2019 में 62.11 प्रतिशत हुआ था, जो लगभग दो प्रतिशत कम रहा।

बिजनौर लोकसभा सीट पर भाजपा-रालोद गठबंधन प्रत्याशी रालोद के चंदन चौहान के सामने सपा के दीपक सैनी की सीधी टक्कर मानी जा रही है। भाजपा के परंपरागत सैनी मतों में सपा प्रत्याशी ने गहरी सेंध लगाई है, वहीं मुस्लिम मतदाताओं के भी सपा के पक्ष में मतदान की खबरें हैं। इस क्षेत्र में दलित वोटों का रुझान अधिकांश बसपा की ओर देखा गया। कुछ हद तक मुस्लिम मतदाताओं में भी बसपा को मतदान करने की चर्चा रही। यह बंटवारे का समीकरण भाजपा के आधार को मजबूती प्रदान करता है। इसके बावजूद रालोद को चुनाव चिह्न के कारण मतदाताओं में फैली भ्रम की स्थिति से नुकसान हुआ है।

# घर में घुसकर चेयरमैन परिजनों पर हमला, रिपोर्ट

संवाददाता, किरतपुर

- **चार आरोपियों ने धारदार हथियारों से किया हमला, जान से मारने की दी धमकी**

**अमृत विचार :** रुपयों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में हुई कहासुनी के दौरान पालिका अध्यक्ष के बीच बचाव करने पर आरोपियों ने उनके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। आरोपियों ने पालिका अध्यक्ष व उसके भाई को पीटकर घायल कर दिया।

थाना प्रभारी को दिए शिकायती पत्र के अनुसार रिजवान बानो पुत्री रिजवान निवासी मोहल्ला राधगन ने बताया कि शनिवार को उसका भाई अब्दुल मन्नान पालिका के अध्यक्ष व उसके दूसरे भाई शादान मज्जिद में नमाज अदा गए थे। वहां हैदर व शोबान मौजूद थे। जो मज्जिद के मुतवल्ली के साथ मज्जिद के पैसे को लेकर मारपीट कर रहे थे। जब अब्दुल मन्नान व शादान ने दोनों पक्षों में बीच बचाव की कोशिश की तो हैदर व शोबान उनके साथ भी मारपीट करने लगे। कुछ देर बाद हैदर, शोबान, सोनू पुत्र जिशान व एक अज्ञात युवक हथियार व चाकू लेकर पालिका अध्यक्ष के घर के अंदर आ गये और पालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान व उसकी पत्नी रुबीना व भाई शादान एवं फैजान के साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान आरोपियों ने चाकू से शादान पर हमला किया। इसके बाद चारों आरोपी पालिका अध्यक्ष व उसके भाइयों को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पालिका अध्यक्ष की बहन रिजवान बानो ने थाना प्रभारी को नामजद शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी उदय प्रताप ने बताया कि आरोपी युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# महावीर स्वामी की जयंती पर प्रभात फेरी निकाली

संवाददाता, नगीना

**अमृत विचार :** महावीर स्वामी जयंती पर श्रद्धालुओं ने प्रभात फेरी निकाली। रविवार को भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर प्रभात फेरी श्री दिगंबर जैन मंदिर मोहल्ला साहुवान से शुरू हुई।

जैन समाज की प्रभात फेरी नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई बाजार गंज स्थित बड़ा मंदिर, मुक्तेश्वर नाथ पहुंची तथा बाद में मंदिर से उन्हीं मार्गों से वापस होती हुई जैन मंदिर पहुंचकर भगवान महावीर का अभिषेक व विशेष पूजा आरती तथा प्रसाद वितरण के बाद संपन्न हुई। प्रभात फेरी में कोमल जैन, निर्मल जैन, प्रमोद जैन, रितेश जैन, अरूण जैन, आशु, शिवम, मोना, ममता, दीक्षा, नेहा, रिंकी, अंजू, आरती, स्वाति, मधु, मनाली आदि जैन समाज के लोग ध्वज के साथ शामिल रहे।

वहीं **नहटौर** में भगवान महावीर स्वामी की जयन्ती पर नगर में जैन समाज ने शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में सात सूंड वाला ऐरावत हाथी आकर्षण का केंद्र रहा। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर जैन समाज के लोग दिगम्बर जैन मंदिर में एकत्र हुए तथा धार्मिक आयोजनों के साथ मंत्रों से भगवान महावीर की पूजा अर्चना की। इसके पश्चात भगवान महावीर की मूर्ति को लेकर इंद्र बने विनीत जैन पुत्र लोकेश जैन सात सूंड वाले ऐरावत हाथी पर सवार होकर शोभायात्रा में चले तथा सौरभ जैन कुबेर बनकर चल रहे थे। शोभायात्रा में सबसे आगे ध्वज लेकर यात्रा की अगवानी करते हुए बैंड धार्मिक धुने बजाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा जैन मंदिर से प्रारम्भ होकर जैन विद्या मंदिर इंटर कालेज पहुची। वहां पर पांडुकशिला पर विनीत जैन ने श्री जी का नमन किया। उसके पश्चात पालकी यात्रा वापस मंदिर पर आकर सम्पन्न हुई। सुरक्षा की दृष्टि से कस्बा इंचार्ज सुरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल नरेश पुनिया, आदित्य मलिक मय पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रबंधक राजीव जैन, पंकज जैन, अरुण जैन, सुरेंद्र जैन, आयुष जैन, काका जैन, संदीप जैन, नितिन जैन, पंकज जैन बिट्टू, शैलेन्द्र जैन, अचल जैन, अवनीश जैन रहे।


भगवान महावीर की शोभायात्रा में शामिल जैन समाज के लोग।


प्रभात फेरी में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

## शत प्रतिशत मतदान की अपील कर शपथ दिलाई

**हसनपुर, अमृत विचार :** रविवार को राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद की बैठक हुई। जिसमें अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।

रविवार को राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद की बैठक शाहपुर कलां में राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामेश्वर सरन के आवास पर हुई। बैठक में 26 अप्रैल को होने वाले लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक भाग लेने की अपील की गई। साथ ही अपने आसपास के लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने की बात कही गई। इसके बाद बैठक में शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अतुल गर्ग, प्रदेश महासचिव अरुण त्यागी, कुलभूषण सक्सेना, जितेंद्र सैनी, नरेंद्र कुमार यादव, प्रमोद कुमार शर्मा, गोविंद कौशिक, टेकचंद सिंह राणा, राजीव सक्सेना रहे।

# मतदान में बाधा डाली तो होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होग। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने बताया कि जिला प्रशासन मतदान को निष्पक्ष कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। मतदान में बाधा डालने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। मतदान की समाप्ति के 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा। 24 अप्रैल शाम छह बजे के बाद कोई भी प्रचार प्रसार राजनीतिक दलों के प्रत्याशी उम्मीदवार या उनके समर्थक नहीं कर सकेंगे।

जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देश न मानने पर कार्रवाई होगी। कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार या कोई अन्य संगठन या व्यक्ति मतदान के दिन और मतदान के दिन से एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं करेगा। उनके द्वारा जिला स्तर पर एमसीएमसी समिति से अनुमोदन लेना होगा।

किसी पार्टी विशेष की जीत की भविष्यवाणी करने वाले विज्ञापनों पर स्पष्ट प्रतिबंध रहेगा और चुनाव परिणामों से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना को प्रकाशित व टीवी चैनलों पर प्रदर्शन नहीं होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कहीं पर भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों या उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए पैसा, शराब या अन्य कोई लोक लुभावनी वस्तु वितरित की जाती है तो इसके लिए जनपद में एफएसटी, एसएसटी टीम कार्रवाई करेगी। यदि कहीं पर भी कोई ऐसा मामला संज्ञान में आया तो आदर्श आचार संहिता उल्लंघन और आईपीसी की धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।


सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश देते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी। ● अमृत विचार

### सात बजे से शुरू होगा मतदान

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने लिटिल स्कॉलर्स अकादमी में चल रहे सेक्टर मजिस्ट्रेट और माइक्रो आब्जर्वर के प्रशिक्षण का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को मतदान की प्रक्रिया के संबंध में कहा कि पीठासीन व सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी चुनाव में महत्वपूर्ण है। कहा कि मतदान सुबह सात बजे से शुरू होगा और शाम छह बजे तक चलेगा। पूरी सक्रियता से अपने दायित्व का निवर्हन आप सबको करना होगा। मतदान समय से प्रारंभ हो यह सुनिश्चित करना होगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, परियोजना निदेशक अमरेंद्र प्रताप, जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक विष्णु प्रताप रहे।

## चुनावी व्यय न दिखाने पर प्रत्याशियों को दिया नोटिस

**अमरोहा, अमृत विचार :** चुनावी व्यय का मिलान न कराने पर चार प्रत्याशियों को नोटिस दिया गया है। 12 प्रत्याशियों में से आठ प्रत्याशियों ने ही 19 अप्रैल को चुनाव खर्च का द्वितीय निरीक्षण कराया था।

जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने बताया कि लोकसभा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों व उनके एजेंटों को निर्वाचन अवधि में खर्च प्रेक्षक के समक्ष निर्धारित तीन तिथियां में निरीक्षण कराने को कहा था। निर्दलीय प्रत्याशी कुशाग, कुमदेश कुमार, जीतपाल राणा व सुहेल हैदर ने निर्वाचन अभिकर्ता को चुनावी व्यय का लेखा रजिस्टर व्यय परीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसमें निरीक्षण के समय कमियां पाई गई थीं। इस मामले में चारों प्रत्याशियों को नोटिस जारी कर पक्ष प्रस्तुत करने का मौका दिया है। जिलाधिकारी ने बताया कि ऐसा नहीं हुआ तो कार्रवाई होगी।

**तैयारी** प्रशिक्षण के दौरान प्रेक्षकों ने सेक्टर मजिस्ट्रेट को दिए निर्देश

# सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारियां बताईं

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** सामान्य प्रेक्षक राहुल शर्मा, व्यय प्रेक्षक अश्वनी कुमार धनरूप, पुलिस प्रेक्षक दीपक पांडे ने लिटिल स्कॉलर्स अकादमी में चल रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, माइक्रो आब्जर्वर के प्रशिक्षण को लेकर निर्देश दिए। पुलिस प्रेक्षक ने सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारियां के बारे में बताते हुए कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट की बहुत बड़ी भूमिका निर्वाचन में होती है। जिसको गंभीरता और ईमानदारी के साथ करना है और पुलिस का सहयोग लेकर निष्पक्ष मतदान कराना है।

माइक्रो आब्जर्वर की जिम्मेदारियां को बताते हुए सामान्य प्रेक्षक राहुल शर्मा ने कहा कि मतदान के दौरान चुनाव के हर काम पर पैनी नजर रखी जाए। माइक्रो आब्जर्वर को निर्धारित रिपोर्ट प्रपत्र में सामान्य प्रेक्षक को देनी होगी। उन्होंने मतदान के संबंध में फीडबैक देने के लिए कहा। सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि मतदान की प्रक्रिया को भली-भांति समझ लें। इस दौरान जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, सीडीओ अश्वनी मिश्रा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


सेक्टर मजिस्ट्रेट व माइक्रो ऑब्जरवर को निर्देशित करते प्रेक्षक।

### 23 अप्रैल तक वाहन उपलब्ध कराएं

**अमरोहा, अमृत विचार :** मतदान के लिए 25 अप्रैल को अमरोहा मंडी समिति से पोलिंग पार्टियों की रवानगी की जाएगी। इसके लिए वाहनों का प्रशासन द्वारा अधिग्रहण किया है। डीएम ने वाहन स्वामियों को निर्देश दिए कि 23 अप्रैल को वाहनों को मंडी परिषद में भेज दिया जाए। आदेश का पालन न करने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## लोकसभा चुनाव नहीं एक आंदोलन है : नरेश

**हापुड़, अमृत विचार :** सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी सुनीता वर्मा के पति पूर्व विधायक योगेश वर्मा ने ग्राम श्यामपुर में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को नमन करते हुए कहा कि यदि हम विजयी हुए तो गांव में बाबा साहब की प्रतिमा लगवाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि आप अपने उत्पीड़न से बचना चाहते हो तो आपको गठबंधन को वोट देना होगा। ग्राम श्यामपुर के निवासियों द्वारा गठबंधन प्रत्याशी के पति योगेश वर्मा का स्वागत किया। ग्रामीणों ने सुनीता वर्मा के समर्थन की बात कही। इसके बाद ग्राम मुरादपुर, आंबेडकर नगर और सोटावाली में साझा जनसभा में मंच संचालन करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉ. नरेश सागर ने कहा कि ये चुनाव नहीं बल्कि एक आंदोलन है संविधान बचाने के लिए, देश बचाने के लिए और आजादी बचाने के लिए। सभा में ललित सिंह, बबलू गुर्जर, मनजीत चौधरी, बिलाल, तेजपाल प्रमुख, रघुवीर सिंह रहे।

# डिवाइडर पर चढ़ी टाटा मैजिक, चालक घायल

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर रविवार सुबह एक टाटा मैजिक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। इस हादसे में चालक घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह चालक को बाहर निकालकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी।

हापुड़ निवासी चालक गुड्डू टाटा मैजिक लेकर रविवार सुबह नेशनल हाईवे पर दिल्ली की दिशा से मुरादाबाद की तरफ जा रहा था। बताते हैं कि चालक को नींद की झपकी आई और टाटा मैजिक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे डिवाइडर पर चढ़ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि डिवाइडर पर लगी लोहे की ग्रिल भी टूट गई। क्षतिग्रस्त टाटा मैजिक में फंसे चालक को लोगों ने किसी तरह बाहर निकालकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

### नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल हो गए। हादसा शनिवार शाम हुआ। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने पति की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। नगीना निवासी गौरव व उसकी पत्नी प्राची बाइक से नोएडा गए थे। दोनों शनिवार शाम बाइक से घर लौट रहे थे। नेशनल हाइवे पर जाम लगा होने की वजह से दंपती कांकाठेर से तिगरी मार्ग की तरफ चले गए। बताते हैं कि तिगरी के निकट अचानक से सड़क पर उनकी बाइक के सामने नीलगाय आ गई और टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दंपती घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

## सार-संक्षेप


विवाह के लिए सामान देते संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### निजी संस्था ने दो कन्याओं की शादी में की मदद

**बिजनौर, अमृत विचार :** सामाजिक संस्था सारथी हम ने दो गांवों में दो कन्याओं के विवाह में सामान देकर मदद की। ग्राम मुबारकपुर तालान निवासी महबूब व उसकी पत्नी अखलीना की कोरोना कॉल में मौत हो गई थी। जिससे उसके चार बच्चे अनाथ हो गए थे। उसकी सबसे बड़ी बेटी की शादी की सूचना संस्था को मिलने के बाद संस्था ने उसकी शादी कराने में सहयोग किया। वहीं, ग्राम अगरा निवासी राजकुमार शर्मा का बीमारी से पांच वर्ष पहले निधन हो गया था। जिनके दो बच्चे हैं, एक बेटा और एक बेटी। बेटी की शादी में संस्था ने सहयोग किया। संस्था ने दोनों शादियों में 101 बर्तन, पांच जोड़ी कपड़े और आर्थिक सहायता की। इस दौरान संस्था के महासचिव आशीष तोमर, कोषाध्यक्ष सचिन अग्रवाल, जिलाध्यक्ष डॉ. नवनेष कोठारी, कानूनी, सचिव विपिन दोदवाल, संजीव कुमार, नरदेव सिंह, सत्यम मौजूद रहे।

### ताइक्वांडो खिलाड़ी विशाल कुमार के चयन पर खुशी

**नहटौर, अमृत विचार :** एसएनएसएम इंटर कॉलेज नहटौर के कक्षा 12 के ताइक्वांडो खिलाड़ी विशाल कुमार पुत्र कुंवर पाल सिंह निवासी फुलसंदा खाकम नहटौर का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) कुरनूल आंध्र प्रदेश के लिए हुआ है। विशाल कुमार ने ताइक्वांडो का प्रशिक्षण नहटौर ताइक्वांडो स्पोर्ट्स अकादमी के कोच चमन सैनी की देखरेख में प्राप्त किया। एसएनएसएम इंटर कॉलेज के प्रबंधक दर्पण त्यागी तथा प्रधानाचार्य दुष्यंत कुमार त्यागी ने विशाल कुमार को बधाई देते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हमारे स्कूल के छात्र का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण में हुआ है।


विशाल कुमार व कोच चमन सैनी।

### अब्दुल्ला जाहिद को यूपीएससी परीक्षा में मिली 744वीं रैंक

**अफजलगढ़, अमृत विचार :** मोहल्ला बेगम सराय कॉलोनी निवासी अब्दुल्ला जाहिद को यूपीएससी परीक्षा में 744 रैंक मिली है। रविवार को अफजलगढ़ के मोहल्ला बेगम सराय में अब्दुल्ला जाहिद का स्वागत किया गया। इस दौरान चेयरपर्सन के पति जावेद विकार व कलवा कुरैशी आदि लोगों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान अब्दुल्ला जाहिद ने परिवार के साथ मिलकर सम्मान समारोह में पहुंचकर सभी लोगों से आशीर्वाद लिया। वहीं अब्दुल्ला जाहिद के पिता मौलाना जाहिद ने बताया कि बेटे ने परिवार और समाज का नाम रोशन किया है।


परिजनों के साथ बैठे अब्दुल्ला जाहिद।

### भाजपा ने सर्व समाज के लिए कार्य किया

**हापुड़, अमृत विचार :** गोशाला स्थित चुनाव कार्यालय से भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी प्रत्याशी के समर्थन के लिए संपर्क किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने गढ़ रोड, तहसील कोठी, गेट बाजार व रेलवे रोड पर व्यापारियों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए आग्रह किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार ने सर्व समाज के लिए कार्य किया है। 2014 से देश लगातार मोदी जी के नेतृत्व में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इस अवसर पर विधायक विजयपाल आढ़ती, प्रफुल्ल सारस्वत, पायल गुप्ता, छवि दीक्षित, मनोरमा रघुवंशी, अलका, मुनेश त्यागी, राहुल शर्मा, सुनील वर्मा, पवन गर्ग, जिनेंद्र चौधरी, अमित चौधरी, प्रवीण शर्मा, मुदित गोयल, अमित शर्मा आदि कार्यकर्ता रहे।

### अध्यापकों ने लोगों को मतदान के लिए किया प्रेरित

**सैदनगली, अमृत विचार :** सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सैदनगली के समस्त अध्यापकों ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। प्रधानाचार्य दिवाकर पांडेय के नेतृत्व में विद्यालय के अध्यापकों ने 26 अप्रैल को जनपद अमरोहा में होने वाले मतदान के विषय में बताया कि मतदान क्यों जरुरी है। कुआं डाली, ईशापुर शर्की, भीकनपुर शर्की, ताजपुर, कासमपुर, सकतपुर, बिजनौरा, करनपुर, सुतारी कलां, सुतारी खुर्द, हींसखेड़ा, चमर पतेई, उझारी, बहापुर, झुंडी माफी समेत 30 से अधिक ग्रामों में संपर्क किया।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**नहटौर, अमृत विचार :** झालू मार्ग पर गांव रुखड़ियों के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। गांव मिलक जहांगीराबाद निवासी गोपी पुत्र महेंद्र सिंह बाइक से कहीं जा रहा था। जिसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह मौके पर ही गिर गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गोपी को अस्पताल लाई। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने गोपी के परिजनों को सूचना दी है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### अरुण ने 75.64 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया कालेज टॉप

**गजरौला, अमृत विचार :** उप्र माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ द्वारा संस्कृत बोर्ड का रिजल्ट जारी किया। जिसमें सनातन धर्म माध्यमिक संस्कृत विद्यालय, गजरौला के पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष के छात्र अरुण शर्मा ने 75 .64 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय को टाप किया। उत्तर मध्यमा प्रथम वर्ष में छात्रा श्वेता चौधरी ने 75 प्रतिशत अंक पाकर विज्ञान वर्ग में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। आदित्य तिवारी ने कला वर्ग में उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष में 69 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक बसंत सारस्वत ने छात्रा-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय अध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा, अश्विनी शर्मा, समीर प्रभाकर, खेमराज शर्मा, प्रवीणिका पाण्डेय, डा. शोभित शर्मा, आचार्य राहुत शर्मा, उपासना चौधरी आदि मौजूद रहे।


अरुण।


श्वेता।


अमरोहा में सुभासपा की बैठक में मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### अच्छी सरकार के लिए जरूर करें मतदान

**अमरोहा, अमृत विचार :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने रविवार को गांव अगरौला में बैठक की। जिसमें 26 तारीख को होने वाले मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने मत का प्रयोग जरूर करना चाहिए। अच्छी सरकार के लिए मतदान जरूर करें। कहा, पूरे भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चारों तरफ सड़कों का जाल बिछाया है। स्वास्थ्य शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। केंद्र में तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने ग्राम अगरौला में मुस्लिम और गुर्जर समाज के लोगों को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान पंडित राम अवतार शर्मा, आदेश अमरोही, डॉ. जगत सिंह गुर्जर, कन्हैया राम प्रजापति, अफ्फन चौधरी, अली वारिस, सद्दाम हुसैन, खुर्शीद अहमद, सुभान, उस्मान, खलील अहमद, शमशाद, सरफराज, मोहम्मद उमर, जुनैद, आसिफ आदि मौजूद रहे।

